**प्रसार भारती**

**भारतीय प्रसारण निगम**

**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**

**15.07.2025 / प्रादेशिक समाचार / 15:00बजे**

**मुख्यमंत्री**

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने 16वें वित्तायोग के अध्यक्ष डॉक्टर अरविंद पनगढ़िया से हिमाचल प्रदेश की आर्थिक स्थिति को मजबूत करने के लिए सहयोग का आग्रह किया है। मुख्यमंत्री ने आज दिल्ली में डॉक्टर अरविंद पनगढ़िया से भेंट के दौरान कहा कि प्रदेश सरकार वित्तीय अनुशासन को सुदृढ़ करने के हर संभव प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि सतत विकास लक्ष्यों सहित विभिन्न मानकों पर हिमाचल प्रदेश सर्व श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले राज्यों में से एक है। उन्होंने राज्य की आर्थिक स्थिति को ध्यान में रखते हुए आयोग से राज्य के हित में सिफारिश करने का अनुरोध किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि पहाड़ी राज्यों में अन्य राज्यों की तुलना में खर्च कई गुना अधिक होता है। इस लिए पहाड़ी राज्यों को उनकी जनसंख्या के अनंपात में कम से कम दोगुना हिस्सा मिलना चाहिए। उन्होंने आयोग से राज्य की भौगोलिक परिस्थितियों और सीमित राजस्व संसाधनों को ध्यान में रखते हुए राजस्व घाटा अनुदान जारी रखने का आग्रह किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि 15वें आयोग द्वारा राजस्व घाटा अनुदान में भारी कटौती की गई है, जिसके चलते राज्य को वित्तीय संकट का सामना करना पड़ रहा है। इस बीच मुख्यमंत्री का आज केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मिलने का भी कार्यक्रम हैं। इस दौरान वे प्रदेश में हाल ही में प्राकृतिक आपदा से हुए भारी नुकसान के लिए विशेष आपदा पैकेज की मांग करेंगे।

**नरेश चौहान**

मुख्यमंत्री के प्रधान मीडिया सलाहाकार नरेश चौहान ने कहा है कि आपदा की इस घड़ी में प्रदेश को मदद की अत्याधिक जरूरत है और केंद्र सरकार को विशेष राहत पैकेज देना चाहिए। नरेश चौहान ने आज शिमला में पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि मंडी जिला के सराज में आपदा से सबसे अधिक नुकसान हुआ है। उन्होंने कहा कि आपदा प्रभावितों को नये घर बनाने के लिए वन भूमि आवंटित करने का अधिकार दिया जाना चाहिए। नरेश चौहान ने भाजपा सांसदो से अपील की है कि वे इस कार्य में सरकार की मदद करें और केंद्र से ये हक दिलाएं।

**शुभांशु शुक्ला**

भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला एक्सियोम–4 मिशन के तीन अन्य अंतरिक्ष यात्रियों के साथ आज पृथ्वी पर लौट रहे हैं। अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन से उनकी यह वापसी 18 दिन बाद हो रही है। चारों अंतरिक्ष यात्रियों ने स्पेसएक्स ड्रैगन से 22 घंटे की यात्रा कल शुरु की। अनुमान है कि ये अंतरिक्ष यात्री भारतीय समय के अनुसार आज दोपहर तीन बजे के बाद कैलिफोर्निया तट पर उतरेंगे। अंतरिक्ष स्टेशन से विदाई पर शुभांशु शुक्ला ने अपनी यात्रा को अविश्वसनीय बताया। यह आकाश गंगा मिशन, एक्सियोम स्पेस, नासा और भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) का संयुक्त प्रयास है। यह आगामी गगनयान मिशन और प्रस्तावित भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन सहित भारत की मानव अंतरिक्ष उड़ान महत्वाकांक्षाओं की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर प्रवास के दौरान शुक्ला ने विशेष रूप से भारत के लिए सात सूक्ष्म–गुरुत्व प्रयोग किए, जो अंतरिक्ष विज्ञान और प्रौद्योगिकी में भारत की बढ़ती क्षमताओं को प्रदर्शित करते हैं।

## किन्नर कैलाश यात्रा

किन्नौर जिला की प्रसिद्ध किन्नर कैलाश यात्रा आज से शुरू हो गई है। ये पैदल यात्रा तांगलिंग गांव से शुरू हुई और 14 किलोमीटर की चढ़ाई के बाद किन्नर कैलाश शिवलिंग तक पहुंचेगी। श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए प्रशासन ने पुख्ता प्रबंध किए हैं। इस बार ये यात्रा 45 दिन की कर दी गई है जबकि इससे पहले ये 15 दिनों के लिए ही होती थी। समुद्र तल से करीब 6050 मीटर की ऊंचाई पर किन्नर कैलाश पर्वत दिन में कई रंग बदलता है। यात्रा के लिए सभी श्रद्धालुओं को पंजीकरण पत्र व चिकित्सा प्रमाण पत्र लाना अनिवार्य है। यात्रा पर सुबह 6 बजे से दोपहर 1 बजे तक ही जाने की अनुमति होगी। यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं के लिए सभी जरूरी चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध करवाई गई है। तंगलिंग में खट्टा और गुफा के पास स्वास्थ्य टीमें तैनात की गई हैं। जिला प्रशासन ने श्रद्धालुओं की सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए हैं। यह पूरी यात्रा मौसम पर निर्भर होगी।

## मौसम

प्रदेश में मॉनसून लगातार सक्रिय बना हुआ है और अधिकांश क्षेत्रों में वर्षा का क्रम जारी है। मौसम विभाग ने आगामी 20 जुलाई तक प्रदेश के किन्नौर और लाहौल स्पिति जिलों को छोड़ कर अन्य सभी जिलों में कुछ स्थानों पर भारी से बहुत भारी वर्षा का पूर्वानुमान जताया है। प्रदेश में भारी वर्षा और भूस्खलन के कारण अभी भी दो सौ 20 सड़कें बंद हैं जबकि बिजली के 67 ट्रांसफार्मर और एक सौ 53 पेयजल भी बाधित हैं।

————————————————————————————————————
————————————————————————————————————